RAF SECTOR

NEWS CLIP

25/11/18

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Patrika (Ghosla,MP.)

शांति व्यवस्था के लिए फ्लैग मार्च निकाला

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

घोंसला. विधानसभा चुनाव एवं शांति व्यवस्था के मद्देनजर गुरुवार को पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च थाना प्रभारी उमेदसिंह बोराना के नेतृत्व में निकला, जिसमें रैपिड एक्शन फोर्स के साथ स्थानीय पुलिस भी सम्मिलित थी। फ्लैग मार्च न्यू बस स्टैंड, महाबली चौपाटी, गणेश मंदिर, छतरी महादेव, क्षत्रिय मोहल्ला, पुराना गांव घोंसला, यादव मोहल्ला, महिदपुर रोड मार्ग से निकला, जो बस स्टैंड सहित प्रमुख मार्गों से होते हुए जगोटी के लिए रवाना हुआ। जगोटी में भी रात में फ्लैग मार्च निकाला। इसके बाद प्रमुख मार्गों से खेड़ाखजुरिया में भी रात में फ्लैग मार्च निकाला। इस अवसर पर स्थानीय थाने का पूरा बल व रैपिड एक्शन फोर्स के असिस्टेंट कमांडेंट सुधीर सुनावले व आरएएफ के जवान मौजूद थे।

Dainik Bhaskar(Dausa,MP)

पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

लालसोट |7 दिसंबर को शांति पूर्वक व भयमुक्त मतदान के लिए पुलिस फोर्स ने सहायक कमांडेंट हरिशंकर शर्मा

विजय सिंह की अगुवाई में संवेदनशील अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में शांतिपूर्ण मतदान करने के लिए फ्लैग मार्च किया। इस अवसर पर दौलतपुरा तलाव गांव श्रीमा खटवा नांगल अभयपुरा खेड़ली देवली श्रीरामपुरा बरेड़ी श्रीमा तालाबगांव शिवसिंहपुरा होदायली बडकापाडा लखनपुर लाडपुरा तथा लालसोट कस्बे में पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च किया गया।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आज

दौसा। नेहरू युवा केंद्र की ओर से मतदाता जागरूकता व युवा सशक्तिकरण कार्यक्रम 24 नवंबर को दोपहर 12 बजे ग्रामीण हाट में होगा।

Rashtriya Sahara(Delhi)

किले में तब्दील हुआ अयोध्या

विहिप की धर्म सभा की पूर्व संध्या पर अयोध्या नगर एक किले में तब्दील हो गया है, जहां सुरक्षा की बहुस्तरीय व्यवस्था की गई है और ड्रोन तैनात किए गए हैं। प्रदेश पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि एक अपर पुलिस महानिदेशक, एक पुलिस उप-महानिरीक्षक, तीन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, 10 अपर पुलिस अधीक्षक, 21 पुलिस उपाधीक्षक, 160 इंस्पेक्टर, 700 कांस्टेबल, 42 कंपनी पीएसी, पांच कंपनी आरएएफ, एटीएस कमांडो और ड्रोन तैनात किए गए हैं।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।